# युवाओं के कौशल विकास के लिए मिले 300 करोड़

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं कौशल विकास के लिए चल रहे कार्यक्रमों को गति देने के लिए अनुपूरक बजट में 300 करोड़ की और व्यवस्था की गई है। कौशल विकास मिशन के तहत 200 करोड़ और माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए चल रही प्रवीण योजना में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

कौशल विकास मिशन से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वर्तमान में तीन लाख से ज्यादा बच्चों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। इसमें से दो लाख से ज्यादा को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एक लाख का प्रशिक्षण चल रहा है। 200 करोड़ रुपये मिलने से इसे और गति मिलेगी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अतिरिक्त बजट से युवाओं को आधुनिक, रोजगारपरक व उद्यमितापरक प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाया जाएगा।

### 200 करोड़ कौशल विकास मिशन और 100 करोड़ प्रवीण योजना में मिले

प्रवीण योजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 व 11वीं के बच्चों को उनकी पढ़ाई के साथ दो घंटे उनकी रुचि के विषय में प्रशिक्षण दिया जाता है। सत्र 2022-23 में 315 स्कूलों के 60 हजार बच्चों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य था। इसमें 36 हजार से ज्यादा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि 100 करोड़ और बजट मिलने से लगभग दोगुने यानी 650 स्कूलों में अब 1.20 लाख बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जा सकेगा।

## रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी यूपी रोजगार मिशन समिति

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन समिति का गठन किया गया है। इसके लिए अनुपूरक बजट में 51.83 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। अब इसके बाद इसकी नियमावली तैयार की जाएगी।

### अनुपूरक बजट में 51 करोड़ का प्रावधान

प्रदेश में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन विभाग प्रदेश भर में रोजगार मेलों का आयोजन करता है। इसी के तहत अब इसे और बेहतर तरीके से आयोजित करने के लिए विभाग की ओर से रोजगार मिशन समिति के गठन से गति मिलेगी। वहीं रोजगार निदेशालय में व्यावसायिक व विशेष सेवाओं के तहत हुए काम के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया है। ब्यूरो